# वित्तीय दुर्व्यवहार को संबोधित करना।



## वित्तीय दुर्व्यवहार क्या होता है?

जब किसी व्यक्ति पर अधिकार और नियंत्रण प्राप्त करने के लिए धन का प्रयोग एक माध्यम के तौर पर किया जाता है, तो यह वित्तीय दुर्व्यवहार होता है। वित्तीय दुर्व्यवहार किए जाने से लोग अपमानजनक संबंध में फंसे रह सकते हैं, और यदि वे ऐसे संबंध को छोड़कर जाने का फैसला लेते हैं, तो इससे उनके सुरक्षित रहने की क्षमता पर भी प्रभाव पड़ सकता है।

## यह कितने सामान्य रूप से होता है?

ऑस्ट्रेलिया में अधिकतम 16% महिलाएँ अपने जीवनकाल में वित्तीय दुर्व्यवहार का सामना करेंगी[1], और इससे पुरुष भी प्रभावित हो सकते हैं।

वित्तीय दुर्व्यवहार सभी सामाजिक-आर्थिक और प्रजातीय पृष्ठभूमियों के लोगों, और हर प्रकार के लैंगिक रुझान वाले व्यक्तियों को प्रभावित कर सकता है। दूसरों पर निर्भरता और आश्रय, वित्तीय संसाधनों की सुलभता की कमी, सोशल सिक्योरिटी पात्रताओं की सुलभता में अवरोधक और वित्त का प्रबंधन करने में सीमित अनुभव जैसे कारणों के चलते विकलाँगता-ग्रस्त लोगों को आर्थिक और वित्तीय दुर्व्यवहार का अधिक खतरा हो सकता है [2]।

वित्तीय दुर्व्यवहार के बारे में बात करते समय लोगों को शर्मिंदा और घबराया हुआ महसूस करना एक सामान्य बात है।

वित्तीय दुर्व्यवहार के संकेतों की पहचान करना और इस बात से अवगत होना महत्वपूर्ण है कि मदद के लिए कहाँ जाना चाहिए तथा वित्तीय दुर्व्यवहार के खतरे वाले किसी परिजन या मित्र की सहायता कैसे करनी चाहिए। इससे पीड़ित व्यक्ति को फिर से संभलने और अपनी वित्तीय स्वतंत्रता वापिस प्राप्त करने में सहायता मिल सकती है।

### वित्तीय दुर्व्यवहार की पहचान करना

वित्तीय दुर्व्यवहार का प्रचलन होने के बावजूद भी इसकी पहचान करना कठिन हो सकता है।

- कई लोगों को इस बात की पहचान करने में कठिनाई होती है कि वे वित्तीय रूप से दुर्व्यवहार किए जाने वाले संबंध में रह रहे हैं।
- वित्तीय दुर्व्यवहार की शुरुआत सूक्ष्म रूप से हो सकती है और यह समय के साथ-साथ बढ़ सकता है।
- कुछ संस्कृतियों में किसी एक व्यक्ति द्वारा घर-परिवार के सभी आर्थिक निर्णयों पर नियंत्रण रखना स्वीकार्य माना जा सकता है।
- कभी-कभी धन को एक निजी मामले के तौर पर देखा जाता है, जिसकी चर्चा खुले-आम नहीं की जाती है।

[1] Kutin, Russell, Reid (2017), ऑस्ट्रेलिया में अंतरंग साथियों के बीच आर्थिक दुर्व्यवहार: प्रचलन, स्वास्थ्य स्थिति, विकलाँगता और वित्तीय तनाव, ऑस्ट्रेलियाई एवं न्यू ज़ीलैंड जनस्वास्थ्य पत्रिका

[2] www.commbank.com.au/content/dam/commbank-assets/support/2021-09/unsw-disability-report-4.pdf

कॉमनवेल्थ बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया एबीएन 48 123 123 124 एएफएसएल और ऑस्ट्रेलियन क्रेडिट लाइसेंस 234945

## वित्तीय दुर्व्यवहार के कुछ संकेत:

क्या आप इस बारे में अनिश्चित हैं कि आप वित्तीय दुर्व्यवहार वाले संबंध में रह रहे/रही हैं या नहीं?
अपने आप से निम्नलिखित प्रश्न पूछें:

क्या आपके/आपकी पार्टनर (सहजीवी) ने कभी आपको रोजगार प्राप्त करने या काम पर जाने से रोका है?

क्या आपको पैसे कमाने या अपने खुद के पैसे खर्च करने से रोकने के लिए आपके ऊपर दबाव डाला गया है?

क्या आपका/आपकी पार्टनर चाइल्ड सपोर्ट का भुगतान करने या चाइल्डकेयर में सहायता देने से मना करता/करती है?

क्या आपका पार्टनर इस बात पर नियंत्रण रखता/रखती है कि घर-परिवार की सारी आमदनी को कैसे खर्च करना है?

क्या आपका पार्टनर इस बात की निगरानी करता/करती है कि आपने क्या खर्चा किया है या क्या वह आपको खरीदारी की सभी रसीदें दिखाने के लिए कहता/कहती है?

क्या आपको कभी धन सुलभ होने से रोका जाता है या क्या आपको अपने या अपने बच्चों के बुनियादी खर्चों के लिए पैसे माँगने पड़ते हैं?

क्या आपको कभी घर-परिवार की आमदनी में योगदान देने से रोका गया है?

क्या आपको धन के बदले में कोई काम करने या 'एहसान' करने के लिए कहा गया है?

क्या आपको अपने नाम पर ऋण या क्रेडिट कार्ड लेने के लिए विवश किया गया है?

क्या आपका/आपकी पार्टनर अपनी आय या परिवार की आय को गुप्त रखता/रखती है?

क्या प्रमुख वित्तीय निर्णयों के बारे में आपकी राय को अनदेखा किया जाता है?

क्या आपके ऊपर परिवार के व्यापार में बिना वेतन के काम करने के लिए दबाव डाला जाता है?

## सहायता कैसे प्राप्त करें

यदि आप या आपका कोई परिचित व्यक्ति वित्तीय दुर्व्यवहार का सामना कर रहा है, या वह इसके बारे में अनिश्चित है, तो आपके लिए कई निशुल्क सेवाएँ सुलभ हैं। आपातस्थिति में अथवा यदि आप सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे/रही हैं, तो हमेशा **000** पर फोन करें।

- सबसे पहले उठाए जाने वाले कदम के तौर पर हम **1800RESPECT** को **1800 737 732** पर फोन करने का सुझाव देते हैं।
  यह नि:शुल्क और गोपनीय सेवा है जो कॉमनवेल्थ बैंक का हिस्सा नहीं है।
- यदि आपको दुभाषिए या अनुवादक की ज़रूरत है, तो टेलीफोन अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा (TIS नेशनल) को **131 450** पर कॉल करके उन्हें अपनी आवश्यकता की भाषा का नाम बताएँ और 1800RESPECT को 1800 737 732 पर संपर्क कराने के लिए कहें। TIS नेशनल एक नि:शुल्क सेवा है।
- इसके विकल्प के रूप में आप **1800RESPECT** को **1800 737 732** पर फोन कर सकते/सकती हैं और दुभाषिए के लिए निवेदन कर सकते/सकती हैं।
  सलाहकार सभी प्रबंध करेगा।
- यदि आप आचरण को लेकर चिंतित हैं, तो नि:शुल्क और गोपनीय समर्थन उपलब्ध है। Men's Referral Service को **1300 766 491** पर फोन करें या **ntv.org.au** पर ऑनलाइन चैट करें।

और अधिक समर्थन के बारे में जानने के लिए वेबसाइट **www.commbank.com.au/support/next-chapter** पर जाएँ।
और अधिक विस्तृत मार्ददर्शन के लिए **CommBank की वेबसाइट** पर Recognise and Recover Guide (पहचान और बहाली संदर्शिका) पढ़ें।